09/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है। इस योजना पर 17 हजार करोड रुपये से अधिक का खर्च आयेगा।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में सात हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र में प्रमुख क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं शुरू और पूर्ण की गई हैं। प्रधानमंत्री ने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने शिरडी हवाई अड्डे पर छह सौ 45 करोड़ रुपये से अधिक की नई एकीकृत टर्मिनल बिल्डिंग की भी आधारशिला रखी।

0000000000000000000000

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाईक ने दुर्गा पूजा और दशहरा के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की है कि, यह उत्सव लोगों में धार्मिकता, न्याय, सदाचार और सम्मान की भावना लाएगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में सभी से विकसित राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपना योगदान देने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खिम्योंग के महत्वपूर्ण जल स्रोत को संरक्षित जलग्रहण क्षेत्र घोषित करने वाली टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश पेयजल जलग्रहण क्षेत्र संरक्षण अधिनियम 2023 के तहत की गई यह महत्वपूर्ण पहल, आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र की बहुमूल्य पेयजल आपूर्ति की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री खांडू ने सभी समुदाय के नेताओं, युवाओं और सीबीओ से अपने क्षेत्रों में जल स्रोतों की रक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ जुड़ने का भी आग्रह किया। खिम्योंग संरक्षित जलग्रहण क्षेत्र टीम का नेतृत्व गांव के प्रतिनिधियों की मदद से ईएसी खिम्योंग रोजालिंड पर्तिन ने किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'भाजपा सदस्यता 2024' के लक्ष्य तक पहुंचने वाला पहला राज्य बन गया है।

भाजपा का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान पिछले महीने शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और प्रतिबद्धता ने अरुणाचल प्रदेश को अपनी लक्षित सदस्यता तक पहुंचने वाला पहला राज्य बना दिया है। इधर, उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है, जिसके कारण अरुणाचल विकास पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और सभी समर्पित भाजपा अरुणाचल कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त सेवानिवृत्त मेजर जनरल जर्केन गामलिन ने गत मंगलवार ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित सियांग गेस्ट हाउस में जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ), सहायक पीआईओ और संबंधित विभागों के प्रमुखों के साथ सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक जागरूकता सह बातचीत कार्यक्रम में भाग लिया। बैठक के दौरान, सूचना आयुक्त ने आरटीआई अधिनियम की विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही, आरटीआई अधिनियम 2005 और 2019 के तहत अपीलकर्ताओं और ड्यूटी पर पीआईओ की भूमिका और जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000

इस वर्ष के राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह की थीम के अनुरूप, वन्यजीव संरक्षण सोसायटी-इंडिया (डब्ल्यूसीएस-आई) ने "ब्लरर्ड बाउंड्रीज़: द मिशमिस एंड द फॉरेस्ट्स" नामक एक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की। डब्ल्यूसीएस-इंडिया और कामलांग टाइगर रिजर्व के लिए "डस्टी फुट प्रोडक्शंस" द्वारा निर्मित यह फिल्म मिशमी लोगों, उनके जंगलों और राजसी बाघों के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालती है, जिनका वे सम्मान करते हैं। यह डॉक्यूमेंट्री दर्शाती है कि प्रकृति के प्रति परंपरा और सम्मान कैसे सार्थक संरक्षण प्रयासों को प्रेरित करते हैं। फिल्म कल यूट्यूब पर रिलीज हो गई है। उपमुख्यमंत्री चौना मेंन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए टीम को बधाई दी हैं।

0000000000000000000000

हाल ही में 'ऑपरेशन डौन' पहल के तहत बंदरदेवा पुलिस ने दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया था। तस्करों की पहचान केई-पान्योर जिले के निवासी बीस वर्षिय जेम तामा और असम के लखीमपुर जिले के उन्नीस वर्षिय कीर्तन छेत्री के रूप में की गई। उनके कब्जे से लगभग 6.68 ग्राम संदिग्ध हेरोइन और एक सिरिंज जब्त की गई। दोनों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

0000000000000000000000

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज पूर्वोत्तर और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया हैं।

आईएमडी ने कहा, इस महीने की 11 तारीख तक अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर (एमसीआई) ने पूर्वानुमान लगाया है कि तवांग और लोअर सुबनसिरी जिलों को छोड़कर, बाकी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। और ये जिले येलो जोन अलर्ट पर हैं।

0000000000000000000000